# वार्ड 02 में बनेगा सीसी रोड और नाली, महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने वार्ड में पहुंचकर की कार्य की शुरुआत

भिलाईनगर। वार्ड 02 में आवागम को दुरूस्त करने सीसी रोड एवं पानी निकासी हेतु नाली निर्माण किया जाएगा जिसके लिए आज महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद सरोज दादर एवं एल्डरमेन शमशेर बहादुर एवं वार्ड के कुछ वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में होने वाले कार्य का भूमिपूजन किया। 11 लाख की लागत से क्षेत्र में होने वाले सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य से वार्ड के नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। वार्ड 02 के वंदेमातरम अर्पाटमेंट के समीप 125 मीटर सीसी रोड बनाया जाएगा इसके लिए क्षेत्र के नागरिकों ने मांग की थी , जिसे महापौर श्री यादव के द्वारा पूरी करते हुए आज कार्य की शुरुआत की गई! वार्डवासियों ने कार्य प्रारंभ होने से प्रसन्नता जाहिर की! जोन कं. 01 नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड 02 मॉडल टाउन में वंदेमातरम एवं सूर्या अपार्टमेंट के सामने 7 मीटर चौड़ी और 125 मीटर लंबाई में सीसी रोड एवं रोड के दोनो ओर पानी निकासी हेतु नाली बनाने के कार्य का शुभारंभ करने महापौर पहुंचे। सड़क कई वर्षो से जर्जर हो चुकी है, बारिश के सीजन में गडढों में पानी भरने से दुपहिया वाहनों के गिरने का अंदेशा बना रहता था , इसे देखते हुए महापौर श्री यादव ने शीघ्र ही कार्य की स्वीकृति कराकर आज भूमिपूजन किए और जोन के अधिकारियों को निर्देशित किए कि सीसी रोड कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करें ताकि लोगों को आवागमन में होने वाली दिक्कतों से निजात दिलाया जा सके। कार्यक्रम पश्चात महापौर श्री यादव वार्ड के नागरिकों से मिले और चर्चा किए। महापौर ने मोहल्ले का भ्रमण किया और स्थानीय नागरिक वाई के सिंह से नाली निकासी को लेकर चर्चा की! भिलाई निगम के जोन कं. 01 अंतर्गत वार्ड 02 मे 11 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड एवं नाली निर्माण को 4 माह में पूरा किया जाना है ! विकास कार्य के लिए किए गए भूमि पूजन के दौरान वार्ड पार्षद सरोज दादर , एल्डरमेन शमशेर बहादुर, श्रीनिवास खेड़िया, मदन जैन सहित वंदेमातमर अर्पाटमेंट के कुछ वरिष्ठ नागरिक , जोन 01 जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं सहायक अभियंता सुनील दुबे आदि उपस्थित थे।